an>

Title: Regarding providing water to the fields of farmers.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): महोदय, मैं बिहार से से आता हूं। पूरे बिहार में सूखे की समस्या उत्पन्न हो गई है, खासकर उत्तर बिहार के पश्चिमी चंपारण में। मेरे संसदीय क्षेत्र में त्रिवेणी कैनाल के साथ-साथ दोन कैनाल, तिरहुत कैनाल है, जिसके माध्यम से किसानों का पटवन हुआ करता था, लेकिन इधर कुछ सालों से कैनाल का टेंडर नागार्जुन कंपनी को दिया गया, जिसमें कंपनी द्वारा भारी पैमाने पर अनियमितता बरती गई। नहर की खुदाई इतनी गहरी कर दी गई कि नहर से खेतों में पानी जाना मुश्किल हो गया है। बिहार में ट्यूबवेल की कमी है और व्यवस्था नहीं है। इस कारण किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं और केवल मानसून के भरोसे ही बैठे हुए हैं। आधा मानसून बीत जाने के बाद भी अभी तक बारिश का नामोनिशान नहीं है, खेतों में दरार पड़ गई है, किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। इसको देखा भी जा सकता है।

अतः सदन के माध्यम से मैं प्रधानमंत्री जी और कृÂिा मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इस संवेदनशील बिंदु पर ठोस कदम उठाया जाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

दूसरा, एक तरफ हमारे यहां किसानों को गन्ना का पेमेंट नहीं मिल रहा है और वह उधर भी मार झेल रहा है। ...(व्यवधान)